डा0 मान सिंह यादव, माननीय सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गए विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्वितीय सोमवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर

| क्र0सं0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 01 | (क) क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि जनपद प्रयागराज व झॉसी में वाह्य सहायतित परियोजना के कौन-कौन से कार्य किए जा रहे हैं? | **<u>लोक निर्माण विभाग</u>**<br><br>जनपद झाँसी में बाह्य सहायतित परियोजना के अन्तर्गत विश्व बैंक खण्ड, लोक निर्माण विभाग, कानपुर द्वारा निम्न कार्य कराए जा रहे हैं:<br>• विश्व बैंक के ऋण से वित्त-पोषित उ0प्र0 कोर रोड नेटवर्क परियोजना के अन्तर्गत गरौठा-चिरगांव मार्ग (एस0एच0-42) के चैनेज 118.600 (प्रस्तावित नया चैनेज 110.360) से चैनेज 167.745 (प्रस्तावित नया चैनेज 159.505) तक (कुल लम्बाई-49.145 तक) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य प्रगति पर है।<br>• विश्व बैंक के ऋण से वित्त-पोषित उ0प्र0 कोर रोड नेटवर्क परियोजना के अन्तर्गत हमीरपुर-राठ-गुरसहाय-झाँसी मार्ग (मिसिंग लिंक) एस0एच0-42 के चैनेज 74.550 से चैनेज 110.360 तक (कुल लम्बाई-35.882 तक) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य स्वीकृत है एवं अनुबन्ध गठन का कार्य प्रगति पर है।<br><br>**<u>ऊर्जा विभाग</u>**<br><br>बाह्य सहायतित परियोजना के अन्तर्गत प्रयागराज जनपद में उत्तर प्रदेश पावर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क रिहैबिलीटेशन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत 1000 से अधिक आबादी के 1202 चयनित मजरों में पुराने एवं जर्जर तारों को 1622 कि0मी0 इंसुलेटेड एरियल बन्च केबल प्रतिस्थापित करने का कार्य किया गया है। साथ ही जर्जर पोलों के स्थान पर एवं लम्बे स्पैन के मध्य 20304 नये पोल स्थापित किए गए हैं। उक्त कार्य हेतु रू0 80.68 करोड़ का व्यय हुआ है।<br><br>बाह्य सहायतित परियोजना के अन्तर्गत झाँसी जनपद में ग्रामीण पोषकों को पृथक्कीकरण कर 02 नग कृषि पोषकों का निर्माण रू0 3.64 करोड़ की धनराशि से किया गया है। |
| | (ख) उक्त परियोजना के कितने-कितने कार्य लम्बित हैं? | **<u>लोक निर्माण विभाग</u>**<br><br>• विश्व बैंक के ऋण से वित्त-पोषित उ0प्र0 कोर रोड नेटवर्क परियोजना के अन्तर्गत गरौठा-चिरगांव मार्ग (एस0एच0-42) के चैनेज 118.600 (प्रस्तावित नया चैनेज 110.360) से चैनेज 167.745 (प्रस्तावित नया |

<table>
<tr>
<td></td>
<td></td>
<td>चैनेज 159.505) तक दिनांक 30.10.2020 को पूर्ण हो चुका है/ वर्तमान में यह उसी अनुबन्ध के अन्तर्गत पंचवर्षीय अनुरक्षण के द्वितीय वर्ष में चल रहा है।<br>• विश्व बैंक के ऋण से वित्त-पोषित उ0प्र0 कोर रोड नेटवर्क परियोजना के अन्तर्गत हमीरपुर-राठ-गुरसहाय-झॉसी मार्ग (मिसिंग लिंक) एस0एच0-42 के चैनेज 74.550 से चैनेज 110.360 तक में भूमि अर्जन/यूटिलिटी शिफिटंग/वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रगति पर है, जिसके पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा।<br><br><u>ऊर्जा विभाग</u><br><br>प्रयागराज जनपद में पुराने एवं जर्जर तारों को इन्सुलेटेउ एरियल बन्च केबल से प्रतिस्थापित करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।<br><br>झॉसी जनपद के अन्तर्गत 03 नग कृषि पोषकों का निर्माण प्रगति पर है।</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td>(ग) उक्त परियोजना के अन्तर्गत लम्बित कार्यो को कब तक पूर्ण करायेगें?</td>
<td><u>लोक निर्माण विभाग</u><br><br>• गरौठा-चिरगांव मार्ग (एस0एच0-42) के चैनेज 118.600 (प्रस्तावित नया चैनेज 110.360) से चैनेज 167.745 (प्रस्तावित नया चैनेज 159.505) तक के अनुरक्षण का कार्य दिनांक 30.10.2025 को पूर्ण किया जाना लक्षित है।<br>• हमीरपुर-राठ-गुरसहाय-झॉसी मार्ग (मिसिंग लिंक) एस0एच0-42 के चैनेज 74.550 से चैनेज 110.360 तक का निर्माण कार्य अनुबन्ध के गठन के उपरान्त दो वर्ष में पूर्ण किया जाना लक्षित है।<br><u>ऊर्जा विभाग</u><br><br>उक्त परियोजना के अन्तर्गत झॉसी जनपद में शेष 03 नग कृषि पोषकों का निर्माण 31.03.2023 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td>(घ) यदि नहीं, तो क्यों?</td>
<td>प्रश्न नहीं उठता।<br><br>प्रश्न नहीं उठता।</td>
</tr>
</table>

योगी आदित्यनाथ,
मुख्यमंत्री।